झारखण्ड सरकार

झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

पत्रांक :– रा0खा0आ0 (विविध)–04 / 2022 - 174

प्रेषक,

संजय कुमार
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

सेवा में,

प्रधान सचिव
खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग,
झारखण्ड, राँची।

राँची, दिनांकः– 06.03.2023

विषयः– **7 या 7 से अधिक सदस्यों वाले AAY राशन कार्ड को PHH राशन कार्ड में परिवर्तित करने संबंधी सुझाव के संबंध में।**

प्रसंगः– आयोग का पत्रांक–709 दिनांक–02.09.2022 एवं पत्रांक–821 दिनांक–01.11.2022 तथा विभागीय ज्ञापांक–3990 दिनांक–29.12.2022 एवं पत्रांक–3991 दिनांक–29.12.2022

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में निदेशानुसार कहना है कि श्री धीरज कुमार, Right to Food Campaign, बरवाडीह, जिला–लातेहार द्वारा दिये गये सुझाव के आलोक में आयोग के प्रसंगाधीन पत्रों द्वारा 7 अथवा उससे अधिक सदस्यों वाले AAY राशन कार्ड को PHH राशन कार्ड में परिवर्तित करने का सुझाव प्रेषित किया गया था। उल्लेखनीय है कि आवेदनकर्ता श्री धीरज कुमार द्वारा उपरोक्त मामले से संबंधित एक अन्य आवेदन दिनांक–04.02.2023 को ई–मेल के माध्यम से आयोग को उपलब्ध कराया गया है, जिसमें आवेदक द्वारा अपने सुझाव पर अबतक कार्रवाई नहीं किये जाने का जिक्र करते हुए उक्त सुझाव पर कार्रवाई करने हेतु पुनः अनुरोध किया गया है।

अतः श्री कुमार द्वारा दिनांक–04.02.2023 को समर्पित आवेदन की प्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित की जा रही है। कृपया प्राप्ति स्वीकार की जाय।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन

6/3/23

(संजय कुमार)
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

C:\Users\jharf\Dropbox\Anju @\Anju@.docx47

पता–झारखण्ड राज्य आवास बोर्ड के पुराने भवन का द्वितीय तल, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, राँची–834002
email-jharfoodcommission@gmail.com, Ph. No:-06512252267/2252261

104 Date 06/02/2023

Gmail

food commission <jharfoodcommission@gmail.com>

No action taken on suggestions for creating ration card space for AAY households

1 message

Dheeraj Kumar <dheeraj1931@gmail.com> Sat, Feb 4, 2023 at 7:02 PM
To: food commission <jharfoodcommission@gmail.com>

To
The Chairperson
State Food Commission, Jharkhand

Dear Sir

This is with reference to the letter number 04/2022-710 sent by the State Food Commission, in which the commission has accepted my suggestion to convert those AAY ration cards into PH cards who have 7 or more than 7 members so that space for AAY ration cards for PVTG households could be created.I had sent the dealer wise number of 112 such households in Barwadih block of Latehar district. All the households belong to non-PVTG community.

But even after 6 months no action has been taken by the Food and civic supply department.
As per PDS Aahar portal all the 112 non PVTG households who have 7 or more than 7 members are still in AAY list.

I request the State Food Commission to take action so that space space for AAY ration card could be created and Supreme Court order to provide AAY ration cards to all PVTG Households could be complied with in letter and spirit.

Thanks
Dheeraj Kumar
Barwadih,Latehar
7061921770

Letter no. 710 dt. 02-09-2022_0001(1).pdf
337K

163
06.02.23

२५५

झारखण्ड सरकार
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

पत्रांकः– रा0खा0आ0 (विविध) 04/2022– 710

प्रेषक,

सिकन्दर राय
प्रशाखा पदाधिकारी
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

प्रेषित,

श्री धीरज कुमार
Right to Food Campaign,
बरवाडीह, जिला–लातेहार।

राँची, दिनांक :–02/09/2022

विषयः– आपके द्वारा भेजे गये सुझाव के सम्बन्ध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में कहना है कि आपके द्वारा लातेहार जिला के बरवाडीह प्रखण्ड के PVTG परिवारों को अंत्योदय राशन कार्ड का लाभ दिलाये जाने से सम्बन्धित सुझाव ईमेल के माध्यम से दिनांक–18.08.2022 को आयोग को उपलब्ध कराया गया है।

इस सम्बन्ध में सूचित करना है कि आपके द्वारा दिये गये सुझाव पर आयोग द्वारा कार्रवाई की जा रही है। आपके द्वारा दिये गये सार्थक सुझाव की आयोग प्रशंसा करता है एवं इस हेतु आपको धन्यवाद देता है।

विश्वासभाजन

02/09/22

(सिकन्दर राय)
प्रशाखा पदाधिकारी,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

E:\Ziyaul\Vinod Sir\Letter.docx194